AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

परीक्षाओं पर रखेंगे सीसीटीवी से नजर

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की परास्नातक कोर्सों की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं, जबकि 25 फरवरी से स्नातक कोर्सों की भी परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। इसे लेकर विवि प्रशासन ने कॉलेजों व विवि के विभागों को पत्र भेजकर सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। विश्वविद्यालय स्थित कंप्यूटर सेंटर से कॉलेजों की परीक्षा पर इसके माध्यम से नजर रखी जाएगी और जरूरत पर सीधे संबंधित केंद्र से संपर्क कर निर्देशित किया जाएगा।

विवि प्रशासन द्वारा शनिवार को जहां परीक्षा केंद्रों की सूची जारी की है। इसके अनुसार 47 केंद्रों पर स्नातक तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। रविवार देर शाम परीक्षा के लिए विद्यार्थियों के एडमिट कार्ड भी जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि विद्यार्थी विवि की वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। कॉलेजों व विवि के सभी विभागों को भी अपने यहां सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त करने के निर्देश हैं।

परीक्षा नियंत्रक के अनुसार, पीजी कोर्सों की परीक्षा के साथ ही मूल्यांकन भी विभाग स्तर पर होगा। इसके लिए प्रोसेसिंग व कोडिंग कार्य के लिए डॉ. ओपी शुक्ला को अधीक्षक नियुक्त किया गया है। उन्होंने सभी हेड से कहा है कि वे पीजी परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को पीजी मूल्यांकन प्रकोष्ठी में उपलब्ध कराएं।

लविवि ने जारी किए यूजी परीक्षा के एडमिट कार्ड, सेमेस्टर परीक्षा 25 से

15 छात्रों को प्लेसमेंट

लखनऊ विवि के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म कंपनी वेर्जेओ में 15 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। इनमें आकांक्षा पांडेय, आकृति चौबे, पीयूष मोहन पटेल, भाविका सिंह, जय प्रताप मिश्रा, लावण्या अग्रवाल, आंचल अग्रहरी, अस्मा रजा, दीप शेखर बहुगुणा, मानसी गुप्ता, राहुल कुमार, जोया हाशमी, अरविंद कुमार, धीरज सिंह, आशुतोष सिंह हैं। अधिकतम छह लाख सालाना का पैकेज ऑफर किया है।

HINDUSTAN PAGE 9

सैकड़ों मेधावियों का नेट में चयन

लखनऊ। राजधानी के सैकड़ों विद्यार्थियों ने नवंबर 2021 में आयोजित यूजीसी नेट के शनिवार को घोषित परिणाम में सफलता पाई है। लविवि, बीबीएयू, ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि समेत कॉलेजों के भी विद्यार्थियों ने सफलता पाई है।

लविवि के 40 से अधिक छात्रों ने जेआरएफ व 60 से ज्यादा छात्रों ने यूजीसी नेट क्वालीफाई किया है। ये विद्यार्थी अब सहायक प्रोफेसर के रूप में उच्च शिक्षण संस्थान में तैनाती के लिए तैयारी करेंगे। इसमें से राजनीति विज्ञान के छात्र अर्चित पांडेय ने 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किया है जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि यह किसी भी शैक्षणिक संस्थान के लिए एक प्रतिष्ठित व महत्वपूर्ण क्षण हैं।

वहीं, बीबीएयू के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के कई विद्यार्थियों ने इसमें सफलता हासिल की है। कुलपति प्रो. संजय सिंह ने विद्यार्थियों को सफलता पर बधाई दी। दूसरी तरफ ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि के दस विद्यार्थियों ने यूजीसी नेट क्वालीफाई किया है। वहीं, जेएनपीजी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के कई छात्रों ने भी नेट क्वालीफाई किया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

एलयू के 100 से ज्यादा छात्रों नेट में बाजी मारी

उपलब्धि

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा यानी यूजीसी नेट-नवम्बर 2021 के परिणाम घोषित किए गए। शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। खास बात यह कि बड़ी संख्या में अभ्यर्थी जेआरएफ भी हुए हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार यहां के 18 विभागों के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने नेट क्वालीफाई किया है। वहीं 40 से ज्यादा ने जेआरएफ क्वालिफाई किया है।

परिणाम घोषित

- नवम्बर 2021 में हुई नेट परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए
- बीबीएयू, भाषा विवि, शकुंतला मिश्रा छात्रों ने भी दिखाया दम

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इन सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह किसी भी शैक्षणिक संस्थान के लिए एक गर्व का विषय है कि इतनी बड़ी संख्या में छात्र एकसाथ नेट क्वालिफाई करके एकेडमिक्स की दुनिया में कदम बढ़ा रहे हैं। बता दें कि यूजीसी प्रतिवर्ष दो बार यह परीक्षा आयोजित करता है और पूरे भारत से स्नातकोत्तर छात्र इसमें शामिल होते हैं। यूजीसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों से पीएचडी करने के लिए उच्च योग्यता वाले छात्रों को जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) भी देता है। एलयू के नेट-जेआरएफ क्वालिफाई करने वाले छात्र-छात्राओं में कुसुम रस्तोगी, उत्कर्ष मिश्रा, हिमांशु पांडेय, आदित्य वर्मा, पूर्णिमा, अर्चित पांडेय, सोनाली यादव, एकता यादव, अनिकेत श्रीवास्तव, सत्यम सिंह, हिमांशी सिंह, आनन्द मिश्रा, मोहित आदि शामिल हैं।

बिजली पासी राजकीय कॉलेज के हिन्दी विभाग की छात्रा रत्नमाला भारती ने जेआरएफ तो वहीं प्रियंका शर्मा ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण की।

बीबीएयू के दो दर्जन से ज्यादा छात्र चयनित

बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों और पूर्व छात्रों ने भी बड़ी संख्या में यूजीसी नेट की परीक्षा में सफलता हासिल की है। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के 10 विद्यार्थियों ने नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

एलयू यूजी परीक्षाओं के प्रवेश पत्र जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक परीक्षाओं के बाद स्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत 25 फरवरी से होनी है। बीए, बीकॉम, बीएससी और बीएससी होम साइंस तीसरे, पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए 47 केंद्रों का निर्धारण कर दिया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने रविवार देर शाम इन परीक्षाओं के प्रवेश पत्र भी ऑनलाइन जारी कर दिए हैं। छात्र विवि की वेबसाइट www. lkouniv. ac. in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं सुबह 9 से 12 बजे तक, पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं दोपहर 02 से शाम 05 बजे तक।

JAGRAN CITY PAGE III

नेट, जेआरएफ परीक्षा में 100 से ज्यादा पास

लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को बड़ी सफलता अर्चित पांडेय को मिले 100 पर्सेंटाइल

जासं, लखनऊ : विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) नेट/ जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फैलोशिप) परीक्षा में लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को बड़ी सफलता मिली है। यहां से 100 से ज्यादा विद्यार्थियों ने नेट, जेआरएफ परीक्षा पास कर ली है। सर्वाधिक आंकड़ा समाज शास्त्र विभाग का है। यहां 11 विद्यार्थी नेट और 11 जेआरएफ में सफल हुए हैं। राजनीति शास्त्र विभाग के छात्र अर्चित पांडेय को 100 पर्सेंटाइल मिले हैं। कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने सभी को बधाई दी है।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नवंबर 2021 में यूजीसी नेट परीक्षा आयोजित की थी। शनिवार देर शाम इसके परिणाम जारी किए गए। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के 18 विभागों और संस्थानों के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। विश्वविद्यालय के 40 से अधिक विद्यार्थियों ने जेआरएफ और 60 से अधिक ने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। इनमें मोहित कुमार मिश्रा, उत्कर्ष मिश्रा, कुसुम रस्तोगी सहित कई विद्यार्थी 99 पर्सेंटाइल से ऊपर वाले हैं।

अर्चित पांडेय • सौ. स्वयं

परीक्षा की तैयारी के समय हो गया था पापा का निधन

रजनीश सिंह • सौ. स्वयं

लवि के हास्टल में रहकर एमए समाजशास्त्र की पढ़ाई कर चुके रजनीश सिंह ने जेआरएफ परीक्षा पास कर ली है। उन्हें 300 में 234 अंक मिले। पापा किसान थे। वह बताते हैं कि परीक्षा की तैयारी के समय बीते दो अगस्त को पापा का निधन हो गया। इससे तनाव में आ गया था, लेकिन बड़े भैया सूरज सिंह ने संभाला। अब जेआरएफ में सफलता मिलने से पीएचडी करना आसान हो जाएगा।

पूर्व विद्यार्थियों ने बढ़ाया बीबीएयू का मान

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के पूर्व विद्यार्थियों ने यूजीसी नेट की परीक्षा में सफलता हासिल कर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है। सफलता पाने वालों में डा. नीतू शर्मा, रोहित कुमार, निखिल कुमार, अनुराग विद्यार्थी, सतवीर सिंह नेहरा, दिव्यांशु गुप्ता, राजीव रंजन, सुमिधि सिंह, रीता, संदीप सिन्हा, अनुज कुमार, चंद्र मोहन, आमिर फैसल, कमलेश यादव, शशांक शुक्ला, सिमरन, अश्वनी, दीक्षा आर्या, सुभाष कुमार, ऋषभ कुमार, जाह्नवी पटेल, शालिनी श्रीवास्तव, गुलशन कुमार, दामिनी वर्मा, गणेश, अनुपम पाठक, विभव शर्मा, शांतनु, दुर्गेश, रवि वर्मा, अनुभूति, रवि मिश्रा और कविता शामिल हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने सभी को शुभकामनाएं दी हैं।

पापा बेचते हैं सब्जी, मां बनाती हैं घरों में खाना

जापलिंग रोड निवासी जया कोरी लवि से एमए पालिटिकल साइंस की पढ़ाई के साथ नेट की तैयारी करती रहीं। वह बताती हैं कि पापा किशन लाल सब्जी की दुकान लगाते हैं। मम्मी सुषमा घरों में खाना बनाती हैं। घर में एक कमरा है, ऐसे में तैयारी करने में काफी परेशानी हुई, लेकिन मम्मी-पापा ने हौसला बढ़ाया। उनकी वजह से मैंने नेट परीक्षा पास कर ली। आगे जेआरएफ की तैयारी करूंगी ताकि फेलोशिप मिल जाए तो पीएचडी में प्रवेश मिल सके।

परिवार के साथ जया कोरी • सौ. स्वयं

भाषा विश्वविद्यालय के दस विद्यार्थियों को भी सफलता

ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के दस विद्यार्थियों ने यूजीसी नेट उत्तीर्ण किया है। विश्वविद्यालय की रिसर्च स्कालर रूपा श्रीवास्तव, इतिहास विभाग, शिवम चतुर्वेदी, वाणिज्य विभाग एवं राहत जबी, व्यवसाय प्रबंधन विभाग ने नेट जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसके साथ ही एमकाम तृतीय सेमेस्टर की छात्रा दिव्या शुक्ला एवं अंग्रेजी विभाग की एमए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा खालिदा जिआ ने नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों ने भी इस बार नेट परीक्षा में अपना सिक्का जमाया है। इसमें मुख्य रूप से शिक्षा विभाग से एमए एजुकेशन (2021) के मो. साजिद खान ने नेट एवं अभिषेक कुमार मौर्या ने नेट जेआरएफ उत्तीर्ण किया है। इसके अलावा एमए अरबी (2020) के विद्यार्थी सैयद वाहिद एवं मोहम्मद रिजवान ने भी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उर्दू विभाग के एमए उर्दू (2019) के विद्यार्थी मोहम्मद नसीम फैजी ने भी नेट जेआरएफ उत्तीर्ण किया है।

AMRIT VICHAR PAGE 6

परीक्षा परिणाम | राजधानी के विश्वविद्यालयों ने जारी किए विद्यार्थियों के नाम

यूजीसी नेट और नेट जेआरएफ में चमके शहर के मेधावी

अमृत विचार, लखनऊ

अर्चित पांडे | शिवम चतुर्वेदी | दिव्या शुक्ला | खालिदा | रूपा | अभिषेक

राजधानी के बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और लखनऊ विश्वविद्यालय ने यूजीसी नेट और नेट जेआरएफ के मेधावियों के नामों की घोषणा की है। इसमें भाषा विश्वविद्यालय के 10 विद्यार्थियों ने यूजीसी नेट परीक्षा पास की है।

रिसर्च स्कॉलर रूपा श्रीवास्तव, इतिहास विभाग, शिवम चतुर्वेदी, वाणिज्य विभाग एवं राहत जबी, व्यवसाय प्रबंधन विभाग ने नेट जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसके साथ एम.कॉम तृतीय सेमेस्टर की छात्रा दिव्या शुक्ला एवं अंग्रेजी विभाग की एमए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा ख़ालिदा ज़िआ ने नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों ने भी इस बार नेट परीक्षा में अपना सिक्का जमाया है, जिसमें मुख्य रूप से शिक्षा विभाग से एमए एजुकेशन (2021) के मो. साजिद ख़ान ने नेट एवं अभिषेक कुमार मौर्या ने नेट जेआरएफ उत्तीर्ण किया है। इसके अलावा एमए अरबी (2020) के विद्यार्थी सैयद वाहिद एवं मोहम्मद रिज़वान ने भी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उर्दू विभाग के एमए उर्दू (2019) के विद्यार्थी मोहम्मद नसीम फ़ैज़ी ने भी नेट जेआरएफ की परीक्षा पास की है।

बीबीएयू में ये परीक्षार्थी हुए सफल : बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों और पूर्व छात्रों ने यूजीसी नेट की परीक्षा में सफलता हासिल की है। विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ. रचना गंगवार ने बताया कि विवि के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के विद्यार्थी रोहित कुमार और निखिल कुमार ने नेट-जेआरएफ तथा अनुराग विद्यार्थी, सतवीर सिंह नेहरा, दिव्यांशु गुप्ता, राजीव रंजन ने नेट की परीक्षा में सफलता हासिल की। विधि विभाग से सुनिधि सिंह, रीता, संदीप सिन्हा, अनुज कुमार और चंद्र मोहन ने नेट की परीक्षा में सफलता हासिल की। वहीं सोशियोलॉजी विभाग के आमिर फैसल, कमलेश यादव, शशांक शुक्ला, सिमरन, अश्वनी ने नेट की परीक्षा में बाजी मारी।

सांख्यिकी विभाग से दीक्षा आर्या, सुभाष कुमार, ऋषभ कुमार, जाह्नवी पटेल को सफलता मिली। आईटी डिपार्टमेंट से मोहित, जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग से शालिनी श्रीवास्तव और नीलू शर्मा, पॉलिटिकल साइंस से गुलशन कुमार, दामिनी वर्मा, गणेश, अनुपम पाठक, विभव शर्मा, शांतनु, दुर्गेश, रवि वर्मा, अनुभूति, रवि मिश्रा और कविता को सफलता हासिल हुई है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्चित को 100 पर्सेंटाइल : लखनऊ विश्वविद्यालय के 18 विभागों के 100 से अधिक छात्रों ने सफलता हासिल की है। राजनीति विज्ञान के छात्र अर्चित पांडे ने 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किया है, जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है। जेआरएफ के लिए 11 और नेट में 11 छात्रों के साथ समाज शास्त्र विभाग ने सबसे अधिक उपलब्धि हासिल की है, इसके बाद राजनीति विज्ञान विभाग के 5, जेआरएफ और नेट के 12, शिक्षा विभाग के 5 छात्रों ने जेआरएफ और 6 ने नेट परीक्षा में बाजी मारी है।

लविवि में परीक्षाएं 25 से, प्रवेश पत्र जारी

अमृत विचार, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए छात्रों के प्रवेश प्रत्र जारी कर दिए गये हैं। लेकिन ये कार्ड सोमवार को दोपहर 12 बजे से डाउनलोड किए जा सकेंगे।

विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा की शुरुआत 25 फरवरी को होनी है। बीए, बीकाम, बीएससी व बीएससी होम साइंस तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए 47 केंद्रों का निर्धारण भी कर दिया गया है। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ के माध्यम से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे। तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं सुबह 9 से 12 बजे तक और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं दो बजे से शाम पांच बजे तक होंगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार स्नातक तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं आठ अप्रैल तक चलेंगी। उन्होंने बताया कि इन परीक्षाओं को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। लखनऊ में 47 कॉलेजों को 121 महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। नकल विहीन परीक्षा कराए जाने के उद्देश्य से सभी विभागों को सीसीटीवी कैमरों को सुचारू रूप से क्रियाशील रखने के लिए कहा गया है।

TOI PAGE 7

Over 100 LU students clear NET-JRF, Archit scores a 100

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Over 100 students of Lucknow University qualified the NET-JRF examination conducted by the University Grants Commission. An MA (political science) student Archit Pandey scored a perfect 100 percentile.

Meanwhile, around a dozen students of Khwaja Moinuddin Chisti Language University and 35 students of Dr Babasaheb Bhimrao Ambedkar University also qualified for the national level examination that makes one eligible for teaching in higher education institutes.

"It is a moment of pride for us that over 100 students from 18 departments of the University have qualified NET-JRF. The department of Sociology has the maximum achievers with 11 students qualifying for JRF and 11 in NET followed by the department of Political Science with 5 JRF's and 12 NET's," said vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai. He said students from applied economics, Sanskrit, geography, home science, library science, history, psychology, Persian, English and economics also qualified. At BBAU, students from the library and information science, Law, sociology, statistics, mass communication and journalism and political science qualified for the exam, while at KMCLU, students from history, commerce, business management, English, education and Urdu department cleared the exam

i-NEXT PAGE IV

PIONEER PAGE 3

तीसरे परिसर में सामान्य कोर्सों की मांग

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के सीतापुर स्थित शेख सरायं में खुलने वाले तीसरे परिसर में वोकेशनल की जगह सामान्य कोर्स की मांग उठी है। विश्वविद्यालय की ओर से बनाई गई तीन सदस्यीय टीम के सदस्यों ने वहां निरीक्षण कर स्थानीय लोगों से बातचीत की। ज्यादातर लोगों का कहना है कि बीए, बीएससी और बीकाम के पाठ्यक्रम वहां भी शुरू किए जाएं। अब कमेटी अपनी रिपोर्ट तैयार करके जल्द ही कुलपति को सौंपकर आगे की योजना बनाएगी।

लवि को नए सत्र से सीतापुर के शेख सरायं स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय परिसर को विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय (तीसरे परिसर) के रूप में संचालित करने की जिम्मेदारी मिली है। यहां कालेज आफ वोकेशनल स्टडीज की शुरुआत करने के हिसाब से प्लान बनाया गया है। शेख सरायं में आसपास करीब 50 हजार की आबादी है।

नए सत्र से सीतापुर के शेख सरायं स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय परिसर को संचालित करने की तैयारी

लवि : स्नातक परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी, परीक्षाएं 25 से

लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक परीक्षाओं के बाद अब स्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत 25 फरवरी से होगी। बीए, बीकाम, बीएससी व बीएससी होम साइंस तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए 47 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने रविवार शाम प्रवेश पत्र भी आनलाइन जारी कर दिए हैं। विद्यार्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in के माध्यम से इसे डाउनलोड कर सकते हैं। तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं सुबह नौ से 12 बजे तक और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं दो से शाम पांच बजे तक होंगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार स्नातक तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं आठ अप्रैल तक चलेंगी।

विश्वविद्यालय ने कालेज की स्थिति देखकर कार्य योजना तैयार करने के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बना दी। बीते दिनों कमेटी के सदस्य वहां पहुंचे थे। सदस्यों के मुताबिक कालेज के आसपास 20 से 25 लोगों से बातचीत की गई, लेकिन ज्यादातर ने वोकेशनल कोर्स के लिए रुचि नहीं दिखाई। उनका कहना था कि वहां सरकारी कालेज नहीं है। इसलिए बीए, बीएससी, बीकाम पाठ्यक्रम पहले शुरू किए जाएं।

नेट, जेआरएफ परीक्षा में 100 से ज्यादा को मिली सफलता

लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को बड़ी सफलता

lucknow(20 Feb): यूजीसी नेट/ जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फैलोशिप) परीक्षा में लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को बड़ी सफलता मिली है. यहां से 100 से ज्यादा विद्यार्थियों ने नेट, जेआरएफ परीक्षा पास कर ली है. सर्वाधिक आंकड़ा समाज शास्त्र विभाग का है. यहां 11 विद्यार्थी नेट और 11 जेआरएफ में सफल हुए हैं. राजनीति शास्त्र विभाग के छात्र अर्चित पांडेय को 100 पर्सेंटाइल मिले हैं. शनिवार देर शाम इसके परिणाम जारी किए गए, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के 18 विभागों और संस्थानों के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की.

पापा बेचते हैं सब्जी

जापलिंग रोड निवासी जया कोरी लवि से एमए पालिटिकल साइंस की पढ़ाई के साथ नेट की तैयारी करती रहीं. वह बताती हैं कि पापा किशन लाल सब्जी की दुकान लगाते हैं. मम्मी सुषमा घरों में खाना बनाती हैं. घर में एक कमरा है, ऐसे में तैयारी करने में काफी परेशानी हुई, लेकिन मम्मी-पापा ने हौसला बढ़ाया. उनकी वजह से मैंने नेट परीक्षा पास कर ली. आगे जेआरएफ की तैयारी करूंगी ताकि फेलोशिप मिल जाए तो पीएचडी में प्रवेश मिल सके.

हो गया था पापा का निधन

लवि के हास्टल में रहकर एमए समाजशास्त्र की पढ़ाई कर चुके रजनीश सिंह ने जेआरएफ परीक्षा पास कर ली है. उन्हें 300 में 234 अंक मिले. पापा किसान थे. वह बताते हैं कि परीक्षा की तैयारी के समय बीते दो अगस्त को पापा का निधन हो गया. इससे तनाव में आ गया था, लेकिन बड़े भैया सूरज सिंह ने संभाला. अब जेआरएफ में सफलता मिलने से पीएचडी करना आसान हो जाएगा.

एलयू परीक्षा के प्रवेश पत्र ऑनलाइन जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी परीक्षाओं के बाद अब यूजी विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत 25 फरवरी से होनी है। बीए, बीकॉम, बीएससी व बीएससी होम साइंस तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए 47 केंद्रों का निर्धारण भी कर दिया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने रविवार की देर शाम इन परीक्षाओं के प्रवेश पत्र भी ऑनलाइन जारी कर दिए हैं। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। बता दें कि तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं सुबह 9 से 12 बजे तक और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होंगी। परीक्षाओं के मद्देनजर विवि प्रशासन ने सभी विभागों को अपने सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से क्रियाशील रखने को कहा है। इस सम्बंध में परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने आदेश जारी कर दिया है।

HINDUSTAN TIMES PAGE 3

{ UGC NET }

LU's Kumar Archit scores 100 percentile

As many as 100 students from the University of Lucknow cleared the examination

HT Correspondent
letters@htlive.com

LUCKNOW : It was a magical moment for Kumar Archit Pandey and the University of Lucknow as the student of Political Science cleared the UGC NET examination (University Grants Commission National Eligibility Test), scoring 100 percentile, on Sunday. As many as 100 students from 18 departments and institutes of the university were also successful in clearing the UGC NET examination.

For Pandey, it was his first attempt. An elated Pandey said it is very satisfying that all the hard work has been rewarded.

"The major thrust was on preparing from standard books and avoiding guides. I relied on previous year question papers and solving them in a time-bound manner," said Pandey, who completed schooling from CMS, Aliganj branch.

The Department of Sociology has a maximum of 11 students qualifying for JRF and 11 in NET, followed by the Department of Political Science with five JRF's and 12 NET's. Students of the Department of Education bagged five JRF's and six NET's, according to a LU press release.

Other departments whose students cleared the examination include Applied Economics, Sanskrit, Geography, Home Science, Library Science, Western History, Modern History, Psychology, Persian, Journalism, Modern Indian History, Statistics, Tourism, English and Economics. Vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai, said, "It is a prestigious moment for an educational Institution."

(WITH INPUTS FROM FAARA NADEEM)

Kumar Archit Pandey cleared UGC NET in his first attempt and wants to pursue JRF from a reputed central university after his masters. SOURCED

10 students of KMC Language varsity also clear UGC NET

LUCKNOW : Ten students of Khwaja Moinuddin Chishti Language University also cleared the UGC NET examination on Sunday. Research scholar of history department Roopa Srivastava, Shivam Chaturvedi of Commerce department and Rahat Zabi of Business Management qualified for JRF exam. Divya Shukla, a student of MCom 3rd sem and Khaleda Zia, a student of MA English, cleared NET exam. Two former students of the education department, Mohd Sajid Khan and Abhishek Kumar Maurya cleared NET and JRF, respectively, while two students of MA Arabic (2020), Syed Wahid and Mohammad Rizwan cleared NET. Mohammad Naseem Faizi, a student of MA Urdu (2019) has also cleared NET JRF. HTC

TRUE TIMES PAGE 1

लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए स्वर्णिम दिन, यूजीसी नेट परीक्षा में सैंकड़ों हुए पास

ट्रू टाइम्स संवाददाता

नवंबर 2021 में आयोजित यूजीसी नेट परीक्षा के परिणाम आज घोषित किए गए और यह गर्व का क्षण था जब लखनऊ विश्वविद्यालय के 18 विभागों और संस्थानों के 100 से अधिक छात्रों ने इसके लिए क्वालीफाई किया। यूजीसी नेट परीक्षा शिक्षाविदों की दुनिया में कदम रखने का आधार है क्योंकि सहायक प्रोफेसर के रूप में किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान में प्रवेश पाने के लिए यह एक आवश्यक योग्यता है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, ने कहा कि 'यह किसी भी शैक्षणिक संस्थान के लिए एक प्रतिष्ठित एवम महत्वपूर्ण क्षण है, जब वहां के छात्र नई ऊंचाइयों को प्राप्त करते हैं और किसी भी क्षेत्र में ख्याति प्राप्त करते हैं।'

यूजीसी प्रतिवर्ष दो बार परीक्षा आयोजित करता है और पूरे भारत से स्नातकोत्तर छात्र इसमें शामिल होते हैं। यूजीसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों से पीएचडी करने के लिए उच्च योग्यता वाले छात्रों को जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) भी देता है। विश्वविद्यालय के 40 से अधिक छात्रों ने जेआरएफ क्वालिफाई किया है। वहीं यूजीसी-नेट परीक्षा में 60 से ज्यादा छात्रों ने क्वालिफाई किया है। राजनीति विज्ञान के छात्र अर्चित पांडे ने 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किया है जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है। समाजशास्त्र विभाग ने जेआरएफ के लिए 11 और नेट में 11 छात्रों के साथ सबसे अधिक उपलब्धि हासिल की है, इसके बाद राजनीति विज्ञान विभाग ने 5 जेआरएफ और 12 नेट के साथ, शिक्षा विभाग के छात्रों ने 5 जेआरएफ और 6 नेट हासिल किए हैं। अन्य विभागों में व्यावहारिक अर्थशास्त्र, संस्कृत, भूगोल, गृह विज्ञान, पुस्तकालय विज्ञान, पश्चिमी इतिहास, आधुनिक इतिहास, मनोविज्ञान, फारसी, पत्रकारिता, आधुनिक भारतीय इतिहास, सांख्यिकी, पर्यटन, अंग्रेजी और अर्थशास्त्र शामिल हैं।